एसपी ने ग्राम प्रहरियों संग की बैठक, बांटी साइकिल

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस लाइन सभागार में 40 ग्राम प्रहरियों को दिए गए दिशा निर्देश

श्रावस्ती। पुलिस लाइन सभागार में रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी हुई जिसकी अध्यक्षता एसपी ने किया। इस दौरान उनका हाल जानने के साथ ही 40 ग्राम प्रहरियों को साइकिल भी प्रदान की।

गोष्ठी में सबसे पहले एसपी घनश्याम चौरसिया ने ग्राम प्रहरियों का परिचय लेते हुए उनके गांव क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्राम प्रहरियों को लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए शुभकामना दी। एसपी ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस की पहली और सबसे मजबूत कड़ी हैं। आपके कंधे पर गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी रहती है।

ऐसे में आप सभी हल्का दरोगा व बीट आरक्षी के संपर्क में रहकर गांव में होने वाली सभी छोटी बड़ी गतिविधियों की जानकारी देते रहे। साथ ही गांव के अराजक तत्व, अनैतिक कार्य में लगे लोगों, संदिग्धों सहित आवश्यक रूप से गांव में आने जाने वालों पर नजर रखें। इसके अलावा अपने क्षेत्र में अवैध शराब बनाने व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों पर नजर रखें। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस दौरान कोतवाली भिनगा के 11, सिरसिया के सात, गिलौला के एक, सोनवा के चार, इकौना के सात, कटरा के दो, गिरंट के एक तथा मल्हीपुर थाने के सात ग्राम प्रहरी को साइकिल प्रदान की गई।

पुलिस लाइन में ग्राम प्रहरी को साइकिल देते एसपी साथ में एएसपी, सीओ व अन्य। स्रोत-पुलिस